**पद :** मेक इन इंडिया के अंतर्गत युवा पेशेवर **पद कोड: MT-06**

**कुल पद : 2**

**समेकित पारिश्रमिक :** योग्यता और अनुभव के आधार पर 30,000/- रुपये से 50,000/- रुपये के बीच।

**अवधि :** प्रारंभिक रूप से यह नियुक्ति छह महीने की अवधि के लिए है जिसे संतोषजनक प्रदर्शन और आवश्यकता के अनुसार आगे बढ़ाया जा सकता है। परियोजना की वर्तमान अवधि मार्च 2026 तक है।

**कार्य विवरण :** बायोटेक क्षेत्र हेतु राष्ट्रीय मिशन कार्यक्रम - मेक इन इंडिया (MII) का नेतृत्व डीबीटी द्वारा किया जाता है जो कि वर्ष 2015 से बाइरैक संस्था द्वारा समर्थित है। PMU नीति वकालत, डेटा अनुसंधान और विश्लेषण, हितधारकों के परामर्श और रणनीतिक इनपुट प्रदान करता है। यह बायोफाउंड्री/बायोमैन्युफैक्चरिंग पहल का समर्थन करता है और देश के बायोइकोनॉमी और बायोटेक इनोवेशन इकोसिस्टम के विकास के लिए इन्वेस्ट इंडिया और DBT के साथ मिलकर काम करता है।

चयनित युवा पेशेवरों को हितधारक पारस्परिकता, स्टार्टअप इकोसिस्टम और बायोटेक इनोवेशन का अनूठा अनुभव प्राप्त होगा।

**मुख्य उत्तरदायित्व :**

- एक संरचित व्यावसायिक कार्यक्रम में स्टार्टअप्स, उद्यमियों के साथ अंतर्राष्ट्रीय हितधारकों की उच्च-स्तरीय चर्चा की सुविधा प्रदान करना।
- वर्चुअल मेंटर-मेंटी मीटिंग आयोजित करने में सहायता करना, विस्तृत फीडबैक लेना और फॉलो-अप प्रबंधित करना।
- वेबिनार, एप्लिकेशन इनफ्लो, विज्ञापन व अन्य जैसी आउटरीच गतिविधियों का समन्वय और समर्थन करना।
- ई-पोर्टल, डैशबोर्ड, डेटा हैंडलिंग और रिपोर्ट तैयार करने के डिजाइन और अपडेट का समन्वय करना।
- सौंपे गए कार्यों का समय पर वितरण सुनिश्चित करना।
- मेक इन इंडिया के जनादेश के साथ संरेखित अन्य कार्यों में योगदान देना।

**अनिवार्य योग्यता :** सीएस/आईटी में बी.टेक/बी.ई. या समकक्ष; अथवा विज्ञान/प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिग्री के साथ जावा, सी/सी++, पायथन, जावास्क्रिप्ट जैसी एक या अधिक प्रोग्रामिंग भाषाओं में औपचारिक प्रशिक्षण या कोर्स वर्क।

**वांछनीय योग्यता :** GUI एप्लीकेशन, वेब-डिजाइनिंग, IT टूल्स, एनालिटिक्स और पोर्टल्स के प्रबंधन, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग टूल्स, MS Office में दक्षता। अंग्रेजी में उत्कृष्ट लेखन और मौखिक संचार कौशल, जनसंपर्क, इवेंट ऑर्गनाइजेशन में व्यावहारिक अनुभव।

ऑनलाइन/व्यक्तिगत वार्ता में एक आकर्षक और पेशेवर आचरण बनाए रखना।

**कार्य अनुभव :** न्यूनतम 1 वर्ष

**वांछनीय:** कॉर्पोरेट पारिस्थितिकी तंत्र में 3 महीने या उससे अधिक इंटर्नशिप का अनुभव।

**आयु सीमा:**

आवेदन की अंतिम तिथि तक अधिकतम 28 वर्ष।